क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
रविवार : 28.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः

- नैनीताल के जंगलों में आग बुझाने के लिए एन0डी0आर0एफ की सहायता ली जा रही है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत के पूर्णागिरी मेले में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- चारधाम यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस के हॉक आई ड्रोन यात्रा मार्ग की निगरानी करेंगे।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

वनाग्नि

नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए सेना के बाद अब राष्ट्रीय आपदा मोचन बल– एन०डी०आर०एफ के दल को भी तैनात किया गया है। ये दल मनोरा रेंज, भवाली, भीमताल और आसपास के क्षेत्र के जंगलों में लगी आग पर काबू पाने का काम करेगा। नैनीताल मनोरा रेंज के रेंजर मुकुल शर्मा ने बताया कि अभी भी जंगलों के कई हिस्सों में आग लगी हुई है, जिस पर काबू पाने के लिए गदरपुर सेंटर से एन०डी०आर०एफ की एक प्लाटून को आग बुझाने के लिए बुलाया गया है। नैनीताल के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि जिले के चीड़ के जंगल में लगी बड़ी आगों पर काबू पा लिया गया ळें उधर, अल्मोड़ा जिले के जंगलों में भी आग लगी है, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। जिले में पुलिस फायर यूनिट द्वारा आग को बुझाया जा रहा है। जिले में सबसे ज्यादा आग रानीखेत रेंज ताड़ीखेत और द्वाराहाट के जंगलों में लगी है। वनाग्नि पर काबू पाने के लिए वन विभाग ने रानीखेत रेंज में क्रू स्टेशन बनाए गए हैं, वहीं वनाग्नि बुझाने के लिए फायर वॉचर भी रखे गए हैं। रानीखेत रेंज के आरओ तापस मिश्रा ने बताया कि वनाग्नि को रोकने के लिए विभाग की तरफ से सभी प्रयास किए जा रहे हैं और जनमानस को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं।

उत्तराखण्ड के जंगलों में विभिन्न स्थानों से वनाग्नि की घटनांए सामने आ रही हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार वनाग्नि की घटनाओं में काफी बढोतरी हुई है। वर्ष 2023 कि अप्रैल माह में वनाग्नि की एक हजार 46 घटनाएं घटी थीं, जबकि इस वर्ष अप्रैल में 5 हजार 710 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। हरिद्वार को छोड़कर, उत्तराखंड के सभी जिलों में मार्च और अप्रैल महीने में 2023 की तुलना में 2024 में आग की घटनाओं में बढोतरी हुई है।

मुख्यमंत्री पूर्णागिरी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत जिले के मां पूर्णागिरि मेले की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी, रैन बसेरे, यातायात, पार्किंग, पथ प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मेले में स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बनबसा में 1 हजार श्रद्धालुओं के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था जल्द की जाएगी। बैठक के दौरान श्री धामी ने शारदा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मेले की समयावधि बढ़ाने का सुझाव देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला, स्थानीय लोगों की आजीविका का मुख्य साधान है। उन्होंने मेले का समय बढ़ाने के लिए अधिकारियों को रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।

ड्रोन निगरानी

उत्तराखण्ड की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा की इस बार ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसके लिए देहरादून पुलिस के हॉक आई ड्रोन तैनाती की जाएगी। चारधाम यात्रा के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करने ऋषिकेश पहुंचे देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने ये बात कही। इस दौरान उन्होंने ऋषिकेश और रायवाला क्षेत्र में चार धाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिये समुचित संख्या में पुलिस बल को नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए 10 चार धाम ट्रैफिक चीता मोबाइल अलग से चलाई जांएगी।

ई.वी चार्जिंग स्टेशन

चारधाम यात्रा मार्ग पर गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहें हैं। इसके लगने से चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चल सकेंगे और इससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी मदद मिलेगी। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि यात्रा मार्ग पर जो चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं, वहां पर यूनिवर्सल चार्जर उपलब्ध होंगे जो कि सभी ई.वी गाडियों को चार्ज करेंगे। एक चार्जर 60 किलोवाट का होगा जिसमें 30–30 किलोवाट की दो गन होंगी। इसके अतिरिक्त एक 7 दशमलव 4 किलोवाट का स्लो चार्जर भी होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग पर निगम के चौबीस पर्यटन आवास गृहों और परिवहन निगम के चार बस स्टेशनों पर ई.वी चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि टी.एच.डी.सी के द्वारा भी चारधाम यात्रा मार्ग पर गढ़वाल मण्डल विकास निगम के चौदह पर्यटक आवास गृहों में ई.वी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने का काम किया जा रहा है।

मौसम

मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के अनेक स्थानों में कल हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार इस अवधि में प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के सभी जिलों में कहीं–कहीं तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी और गरज के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अर्लट भी जारी किया है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ बना रहा।

स्वर्ण पदक

भारत ने तीरंदाजी विश्व कप का स्वर्ण पदक जीत लिया है। चीन के शंघाई में में रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में भारत के धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव ने दक्षिण कोरिया के मौजूदा ओलिंपिक चौंपियन टीम को हराकर यह ख़िताब जीता। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। इससे पहले कल मौजूदा एशियाई चौंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता। प्रियांश ने पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में पहला विश्व कप रजत पदक जीता।

गिरफ्तारी

देहरादून पुलिस ने नशीले पदार्थों के साथ तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से बड़ी मात्रा में नशीली सामग्री बरामद की गई है, जिसकी कीमत भारतीय बाजार में 63 लाख, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपए आंकी गई है। अभियुक्तों के विरूद्व थाना प्रेमनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

नकल गिरोह

उत्तराखंड पुलिस ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा के देहरादून के रायपुर केंद्र पर छापेमारी कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल, प्रवेश पत्र और अन्य प्रमाण बरामद हुए। एसओजी देहरादून और एसटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने देहरादून यह कार्रवाई की।

परीक्षाएं

कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध परिसरों व महाविद्यालयों की स्नातक, स्नातकोत्तर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की द्वितीय–चतुर्थ व अन्य सेमेस्टरों की मुख्य और एक्स छात्रों की मुख्य और बैक परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइड पर अपलोड कर दिया गया है। परीक्षाएं आगामी 2 मई से आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने बताया कि परीक्षा आवेदन पत्र और शुल्क जमा कराने की तिथि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है।